# रायगढ़ शहर में सिलसिलेवार हो रही बाईक चोरी के मामले में हुई गिरफ्तारी

- आरोपियों से बरामद की चोरी की गई 3 बुलेट और 5 बाइक
- खरीददार और कबाड़ी सहित कुल 5 आरोपी भी हुए गिरफ्तार
- गश्त दौरान साइबर सेल स्टाफ के हाथ आया पेशेवर बाइक चोर
- कोतवाली और साइबर की टीम की कार्यवाई



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले का पदभार लेते ही रात्रि गश्त को सुदृढ़ कर गश्त दौरान घूमते पाये गये संदिग्धों से बारीकी से पूछताछ, कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं, निर्देशों के पालन पर शुक्रवार की रात्रि गश्त दौरान साइबर सेल की टीम के हाथ ओडिशा का एक शातिर बाइक चोर हाथ आया जो हाल ही में बोलेरो चोरी के मामले में ओडिशा जेल से रिहा हुआ था।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की रात रात्रि गश्त दौरान साइबर सेल के आरक्षकों ने रेलवे स्टेशन के पास संदिग्ध देखे गए युवक को रोककर उससे पूछताछ कर उससे पहचान पत्र की मांग किये जो अपना नाम रिंकु बाघ और मोबाइल पर पहचान पत्र, आधार कार्ड होना बताया जिसका मोबाइल साइबर स्टाफ चेक कर ही रहे थे कि अचानक संदिग्ध युवक रेलवे ट्रैक की ओर दौड़ते भागने लगा जिसे साइबर स्टॉफ दौड़ाये, संदिग्ध युवक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। शानिवार की सुबह साइबर की टीम द्वारा संदेही के मोबाइल चेक किये जिसमें संदेही के रिंकू बाघ उर्फ साहिल निवासी हिमगिर सुंदरगढ़ (ओडिशा) का होना पता चला। संदेही के संबंध में जानकारी जुटाये जाने पर ज्ञात हुआ कि रिंकु बाघ हाल ही में पुलिस चौकी कनकतुरा(ओडिशा) क्षेत्र में बोलेरो चोरी में जेल गया था। संदेही के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय को अवगत कराया गया।

एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन पर साइबर सेल की टीम संदेही रिंकू बाघ की पतासाजी के लिए हिमगीर (ओडिशा) रवाना हुई। जहां दबिश देकर संदेही रिंकू को हिरासत में लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में ही रिंकू बाघ सप्ताह में दो-तीन बार ट्रेन में बैठकर मोटरसाइकिल चोरी करने रायगढ़ आना और रायगढ़, ओडिशा से करीब 15 से 20 मोटरसाइकिलें चोरी करना बताया। तब संदेही को विस्तृत पूछताछ के लिए साइबर सेल की टीम हिरासत में ली और उसके परिजनों को सूचना देकर संदेही को रायगढ़ लाया गया।

संदेही रिंकु बाघ ने विस्तृत पूछताछ पर बेहद चौंकाने वाला खुलासा कर बताया कि वह सप्ताह में तीन से चार बार कनिका रेलवे स्टेशन, जिला सुंदरगढ़ (ओड़िशा) से लोकल ट्रेन में बैठ कर रायगढ़ आता है और रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म टिकट लेकर रायगढ़ शहर में देर रात घूम-घूम कर मोटरसाइकिल चोरी करने के लिए रेकी करता है। आरोपी ने इसी साल रायगढ़ के गुजराती पारा हनुमान मंदिर के पास, रामनिवास टॉकीज चौक और नया शनि मंदिर प्रांगण शहीद चौक से 3 बुलेट चोरी कर उन्हें चलाते हुए कनकतुरा-भीखमपली-पचगांव-बेलपहाड़ के रास्ते अपने गांव हिमगीर ले जाकर घर के पीछे छिपा कर रखना बताया। इसी प्रकार आरोपी पिछले ने तीन माह में रायगढ़ और ओडिशा से करीब 15 से 20 मोटरसाइकिल चोरी करना और उन्हें कई लोगों को बेचना और कई पुराने मोटरसाइकिल को कबाड़ी के भाव में स्थानीय कबाड़ी को बेच देना बताया।

आरोपी से पूछताछ में मिली जानकारी पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर कोतवाली और साइबर सेल की ज्वांईट टीम बनायी गई। टीम ने आरोपी द्वारा चोरी के बाइक खरीदी करने वाले आरोपी – (1) करण गिरी उर्फ कौशल निवासी बेलपहाड़ (2) जय किशोर साह निवासी गंगानगर ब्रजराजनगर (3) अतुल हरिजन तथा कबाड़ खरीदी करने वाले आरोपी (4) मोहम्मद इम्तियाज अली निवासी बरपाली सुंदरगढ़ को हिरासत में लिया गया। कबाड़ी दुकान पर दबिश में कई मोटरसाइकिल के पार्ट्स रखे हुए मिले। पुलिस टीम ने आरोपी रिंकु बाघ से 01 बुलेट, 01 पल्सर, 01 एचएफ डिलक्स, 01 होण्डा ड्रीम योगा तथा आरोपी करण गिरी से 01 बुलेट, 01 टीवीएस स्पोर्टस, आरोपी जय साह से 01 बुलेट, आरोपी अतुल हरिजन से 01 एचएफ डिलक्स कुल 08 मोटर सायकल कीमती 4,50,000 रूपये बरामद किया गया। सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया। रायगढ़ से चोरी तीनों बुलेट पर थाना कोतवाली रायगढ़ में क्रमश: अप.क्र. 89, 149, 185/2023 धारा 379 आईपीसी का अपराध दर्ज है, जप्त तीनों बुलेट को संबंधित अपराध में शुमार किया गया तथा अन्य बरामद 05 मोटर सायकल पर पृथक से धारा 41(1+4) CrPC/379 IPC के तहत कार्यवही की गई है। आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटाए जाने पर आरोपी रिंकू बाघ आदतन बाइक चोर, आरोपी करण गिरी उर्फ कौशल के कोल माइंस में काम करने की जय किशोर साह के कपड़ा फेरी करना और अतुल हरिजन के ड्राइवरी का काम करने की जानकारी मिली है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों को आज उपरोक्त अपराधों में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा जा रहा है। एसएसपी सदानंद कुमार तथा एडिशनल एसपी संजय महादेवा के कुशल मार्गदर्शन एवं एसडीओपी दीपक मिश्रा के नेतृत्व व सीएसपी अभिनव उपाध्याय के सुपरविजन में मोटरसाइकिल चोरी के खुलासे में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, बृजलाल गुर्जर, प्रदीप गहलोत, आरक्षक प्रशांत पंडा, पुष्पेंद्र जाटवर, महेश पंडा, नवीन शुक्ला, सुरेश सिदार, प्रदीप तिवारी प्रताप बेहरा, साहिल चंद्रा, मुकेश यादव, विकास प्रधान तथा थाना कोतवाली के सहायक उपनिरीक्षक राकेश शर्मा, प्रधान आरक्षक हेमन पात्रे और दिग्विजय वैष्णव की अहम भूमिका रही है।

**गिरफ्तार आरोपी –**

(1) रिंकू बाघ उर्फ साहिल उर्फ पिता रघुनन बाग उम्र 22 साल निवासी रोगियोंडिपा हिमगीर थाना हिमगीर जिला सुंदरगढ़, ओडिशा (बाइक चोर)

(2) करण गिरी उर्फ कौशल पिता मुक्तागिरी उम्र 18 साल निवासी चौकी माहुल बेलपहाड़ थाना लखनपुर जिला झारसुगुड़ा, ओडिशा (चोरी बाइक खरीददार)

(3) जय किशोर साह पिता स्वर्गीय गुद्दर साह उम्र 50 साल निवासी गंगानगर ब्रजराजनगर थाना ब्रजराजनगर जिला झाड़सुगुड़ा, ओडिशा (चोरी बाइक खरीददार)

(4) अतुल हरिजन उर्फ पप्पू पिता राम गवन हरिजन उम्र 38 साल निवासी जवाहर नगर ब्रजराजनगर थाना ब्रजराजनगर झाड़सुगुड़ा (ओडिशा) स्थाई पता- ग्राम दुबौली पोस्ट बेलमा थाना बड़हलगंज जिला गोरखपुर, उत्तर प्रदेश (चोरी बाइक खरीददार)

(5) मोहम्मद इम्तियाज अली पिता खालिद अली उम्र 18 साल निवासी बरपाली सुंदरगढ़ जिला सुंदरगढ़ (ओडिशा) स्थाई पता- तुलापुर बहदुलान पोस्ट पहिबाजार थाना जिला भदोही, उत्तर प्रदेश (कबाड़ी)

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री बघेल की बड़ी घोषणा

### 'केंद्र अगर जनगणना नहीं कराती, तो एक अप्रैल से हम कराएंगे सर्वे, केंद्र नहीं देंगा तो हम देंगे पक्का मकान'-भूपेश बघेल

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में सीएम भूपेश बघेल ने बड़ा बयान दिया है. सीएम बघेल ने कहा कि आवास की बात करें तो ये जरूरी है कि जनगणना हो. जनगणना के लिए प्रधानमंत्री के पास भाजपा के नेता चलें, लेकिन ये चलेंगे नहीं, बस गरीबों और मजदूरों को भडक़ाने का काम करेंगे। सीएम भूपेश बघेल ने आगे कहा कि हम चाहते हैं कि गरीबों की और मदद हो, लेकिन डाटा ही नहीं है. 2011 के बाद जनगणना ही नहीं हुई. मैंने प्रधानमंत्री को भी पत्र लिखा है. मैं गरीबों को मकान देना चाहता हूं। सीएम भूपेश बघेल ने इस दौरान बड़ी घोषणा की है. सीएम बघेल ने कहा कि अगर केंद्र सरकार जनगणना नहीं कराती है तो हम खुद 1 अप्रैल से सर्वे कराएंगे. 2011 के बाद कितने पक्के मकान बने हैं. उसकी जानकारी जुटाएंगे. केंद्र सरकार नहीं देगी तो हम पक्के मकान देंगे. राज्य सरकार प्रदेश के लोगों के हितों की रक्षा के लिए हर प्रयास करेगी।

### बिलासपुर विमान सेवा को बड़ा झटका, बंद की गई इंदौर से बिलासपुर की फ्लाइट

**बिलासपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर विमान सेवा के लिए एक बुरी खबर है। बिलासपुर से लेकर इंदौर तक चलने वाली विमान सेवा बंद कर दी गई है। जारी समर शेड्यूल में बिलासपुर से इंदौर तक फ्लाइट की बुकिंग बंद कर दी गई है। फ्लाइट की बुकिंग बंद होने इंदौर व इंदौर से बिलासपुर आने वाले यात्रियों को बड़ा झटका लगा है। बिलासपुर में लंबे संघर्ष के बाद विमान सेवा शुरू हुई थी। पहले चरण में बिलासपुर से दिल्ली व इलाहाबाद के लिए फ्लाइट शुरू की गई थी। दूसरे चरण में बिलासपुर से इंदौर तक की उड़ान सेवा अक्टूबर 2022 में शुरू हुई। पर अब सिर्फ चार माह बाद ही यह सेवा बंद कर दी गई। जारी समर शेड्यूल में बिलासपुर-इंदौर विमान सेवा को शामिल नही किया गया है। 24 मार्च को आखरी फ्लाइट बिलासपुर से इंदौर तक के लिए है। वही 26 मार्च से इंदौर की फ्लाइट की बुकिंग नही होगी। फ्लाइट बंद होने से हवाई सेवा संघर्ष समिति ने नाराजगी जताई है।

### पति-पत्नी का विवाद, पति ने फूंक दिया घर, सिलेंडर फटा तो चपेट में आए आधा दर्जन मकान

**दुर्ग (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के पाटन में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। पति पत्नी के आपसी विवाद के बाद पति ने अपना घर फूंक दिया। पत्नी जान बचाकर भाग गई लेकिन इस बीच घर का सिलेंडर फट गया। सिलेंडर फटने से आग तेजी से फैली और आसपास के पांच घरों को चपेट में ले लिया। हादसे में जनहानी नहीं हुई लेकिन तीन मकानों को अत्याधिक नुकसान हुआ। वहीं दो मकानों को आंशिक नुकसान हुआ। आगजनी में एक बछिया की मौत हो गई और 50 कट्?टा धान भी जल गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया।

## उड़ीसा प्रांत की अवैध शराब परिवहन करते हुए दो व्यक्ति पकड़ाए

- 57.375 लीटर अवैध शराब की हुई जप्ती



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के दिशा-निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय को लेकर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही जारी है। इसी तारतम्य में आबकारी उप निरीक्षक विकास पाल साण्डे एवं आबकारी उप निरीक्षक रमेश सिंह सिदार की संयुक्त टीम द्वारा बीते 4 मार्च को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, संग्रहण के परिपेक्ष्य में कनकतुरा उड़ीसा से एकताल रायगढ़ मार्ग में उड़िसा राज्य की अवैध मदिरा की सूचना पर घटना स्थल एकताल मंडी बेरियर थाना चक्रधर नगर के पास एक नयी चार पहिया वाहन टाटा हेरियर में उड़ीसा प्रांत की अवैध शराब 57.375 लीटर परिवहन करते हुए दो आरोपी विजय कुमार चौरसिया एवं अजय कुमार चौरसिया को गिरफ्तार कर आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है तथा दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड लेने की कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही के दौरान मुख्य आरक्षक राजकुमार कश्यप, आरक्षक नथालियन बखला एवं सुरक्षा कर्मी उपस्थित थे।

## चोरी की मोबाइल का इस्तेमाल करते पकड़े गए दो आरोपी

- रेलवे स्टेशन पार्किंग पर चोरी हुआ था इनकम टैक्स ऑफिसर का मोबाइल
- आरोपियों की गिरफ्तारी में सायबर सेल का रहा सहयोग, कोतवाली पुलिस ने भेजा रिमांड पर




**रायगढ़।** चोरी और गुम मोबाइल को ट्रेस करने में साइबर सेल की टीम के हाथ एक मोबाइल चोर और खरीददार आया है जिन्होंने 22 फरवरी के सुबह रेल्वे स्टेशन के बाहर पार्किंग में इनकम टैक्स ऑफिसर के बैग में रखे मोबाइल चुराया था।

मोबाइल में महत्वपूर्ण और निजी डॉक्यूमेंट होन से इनकम टैक्स ऑफिसर दीक्षा साहू द्वारा 25 फरवरी को थाना कोतवाली में मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी मोबाइल की पतासाजी के लिए साइबर सेल को प्रतिवेदन भेजा गया। साइबर सेल की टीम मोबाइल को सर्विलांस में रखी थी काफी दिनों बाद मोबाइल चोरों ने मोबाइल का उपयोग किए जिसके बाद साइबर सेल और कोतवाली पुलिस की टीम दोनों आरोपियों को धर दबोची। पकड़े गए आरोपी राजकुमार चौहान और धनवीर चौहान जीजा-साला है, गुजराती पारा रेलवे स्टेशन चौक के पास रहतें है और दोनों रेलवे स्टेशन पर श्रमिक का कार्य करते हैं।

आरोपी धनवीर चौहान ने मोबाइल चोरी करना स्वीकार और राजकुमार चौहान को बिक्री करना बताया। राजकुमार चौहान चोरी का मोबाइल जानते हुए 8,000 रूपये में खरीदा राजकुमार चौहान पर धारा 411 आईपीसी चोरी की संपत्ति खरीदी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी (1) राजकुमार चौहान पिता स्वर्गीय श्याम कुमार चौहान उम्र 26 वर्ष (2) धनवीर चौहान पिता पुणिराम चौहान उम्र 27 वर्ष दोनों निवासी गुजराती पारा स्टेशन चौक रायगढ़ से चोरी की मोबाइल VIVO V20 PRO 5G कीमती 20,000 रूपये की जप्ती कर आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी में थाना कोतवाली के प्रधान आरक्षक नंद कुमार सारथी तथा साइबर सेल के आरक्षक धनंजय कश्यप और महिला आरक्षक मेनका चौहान की अहम भूमिका रही है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 6 मार्च को पेश करेंगे 'भरोसे' का बजट

- आज सभी राज्य अपना रहे है छत्तीसगढ़ का स्वास्थ्य-शिक्षा मॉडल
- छत्तीसगढ़ सबसे अच्छा आर्थिक प्रबंधन वाला प्रदेश
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता को किया संबोधित




**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 6 मार्च को छत्तीसगढ़ सरकार का वर्ष 2023 का बजट पेश करेंगे। बजट की पूर्व संध्या पर उन्होंने प्रदेश की जनता को संदेश देते हुए विश्वास दिलाया है कि यह 'भरोसे' का बजट होगा। उन्होंने कहा है कि यह उस भरोसे का बजट है जिसने छत्तीसगढ़ को 'नवा छत्तीसगढ़' बनने का संबल दिया है। यह वही भरोसा है जो आपने हमारे घोषणापत्र पर, हमारी कार्यशैली पर और हमारी सरकार की जनकल्याणकारी सोच पर जताया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमने सरकार बनते ही महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के संकल्प और न्याय की नीति को आकार देना शुरू कर दिया था। इस दौरान बीते वर्षों में आई चुनौतियों से सभी परिचित हैं। चाहे वह कोरोना जैसी वैश्विक आपदा की चुनौती हो या अन्य चुनौतियां जिन्हें आप सब समझते हैं। लेकिन यह कहते हुए गर्व होता है कि इन सभी चुनौतियों का सामना करते हुए हम बाहर निकले हैं और इस समय हम सबसे अच्छे आर्थिक प्रबंधन वाले प्रदेशों में से एक हैं।

यह आपके ही 'भरोसे' का परिणाम है कि देशभर में मंदी होने के बाद भी छत्तीसगढ़ के बाजारों में रौनक हैं। सबसे कम बेरोजगारी दर छत्तीसगढ़ में है। देशभर में छत्तीसगढ़ ने धान खरीदी में भी रिकॉर्ड तोड़ा है। प्रदेश में सुदूर अंचलों के आदिवासियों तक नई योजनाएं पहुंची हैं। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा का छत्तीसगढ़ मॉडल देशभर की सरकारें अपना रही हैं।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि पहले छत्तीसगढ़ को लोग सिर्फ नक्सली हिंसा की घटनाओं के लिए याद करते थे। पर्यटकों के दिमाग में छत्तीसगढ़ को लेकर प्रश्न चिन्ह आते थे। अचानक से इतना कुछ बदल गया है कि देश के लोग अब छत्तीसगढ़ आने को उत्सुक हैं। आप देख रहे होंगे कि प्रदेश में लगातार बॉलीवुड कलाकार फिल्म और वेब सीरिज की शूटिंग के लिए आ रहे हैं, पर्यटकों की संख्या में शानदार वृद्धि हुई है। यह सब जनभागीदारी से संभव हो सका है। हमारा राज्य अब देश को रास्ता दिखा रहा है। लोगों का नजरिया बदला है। आज समय बदल गया है। छत्तीसगढ़ में रोड सेफ्टी जैसे 2 बड़े सीजन क्रिकेट मैच हो चुके हैं, पहली बार अंतरराष्ट्रीय मैच ने हम सबका गौरव बढ़ाया है। सेलेब्रिटी क्रिकेट लीग भी अभी हाल में ही सम्पन्न हुआ है।

विधानसभा में सोमवार को जो छत्तीसगढ़ के 'भरोसे' का बजट प्रस्तुत होगा, वह हमारे प्रदेश के सपनों को एक नई हकीकत देने वाला बजट होगा, जो आसमान की नहीं जमीन की बात करेगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर मैं आप सबको 'भरोसा' बनाए रखने के लिए धन्यवाद देता हूं। साथ ही यह जिम्मेदारी भी आप सबके कंधों पर रखना चाहूंगा कि छत्तीसगढ़ को 'नकारात्मकता' से भर देने वालों को पहचानिए और नवा छत्तीसगढ़ की इस यात्रा को सब लोग मिलकर रफ्तार दीजिए।

## होली को लेकर जूटमिल पुलिस ने देवारपारा में लगाया जनचौपाल



**रायगढ़।** होली के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिला पुलिस वाहनों और संदिग्धों की चेकिंग कवायद शुरू कर दी गई है। वहीं वार्ड बस्ती, मोहल्लों में शांति व्यवस्था में खलल ना हो इसके लिए पुलिस क्षेत्र के आरजकता फैलाने वाले तत्वों को चिन्हांकित कर हिदायत दिया जा रहा है।

इसी क्रम में आज जूटमिल के देवारपारा में जूटमिल पुलिस ने जन चौपाल लगाकर वार्डवासियों को होली शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील किया गया। थाना प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल ने वार्ड की बुर्जुग महिलाओं को सम्मान देकर महिला दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित किया गया है तथा चौपाल के माध्यम से थाना प्रभारी ने होली पर शराबियों व उपद्रवियों पर कड़ी कार्यवाही करना बताया गया है। साथ ही वार्डवासियों को होली दौरान अशांति फैलाने वालों की सूचना पुलिस को दिये जाने बताया गया है। चौपाल में जनप्रतिनिधियों के साथ जूटमिल स्टाफ मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना : अब तक 19 हजार से अधिक हितग्राहियों के लगभग 30 हजार एकड़ निजी भूमि वृक्षारोपण के लिए पंजीकृत, योजना के क्रियान्वयन की तैयारी में जुटा वन विभाग

- जगदलपुर वनमंडल अंतर्गत 1999 हितग्राहियों के 4730 एकड़ रकबा में हुआ सर्वाधिक पंजीयन

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में ''मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना'' लागू किये जाने की घोषणा उपरान्त छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना की क्रियान्वयन की तैयारी में वन विभाग जुट गया है और तैयारियां जोरो पर है। वन विभाग द्वारा अब तक 19 हजार से अधिक हितग्राहियो के लगभग 30 हजार एकड़ निजी भूमि में वृक्षारोपण हेतु पंजीयन किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में वृक्षों के व्यवसायिक उपयोग को बढ़ावा देने की अपार संभानाओं को देखते हुए इस योजना को लागू किए जाने की घोषणा की है। इस योजनांतर्गत कृषकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से कृषकों की सहमति पर उनके भूमि पर वाणिज्यिक वृक्षारोपण किया जाना है। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में अब तक 19 हजार 653 हितग्राहियों के 30 हजार 142 एकड़ निजी भूमि में मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना अंतर्गत पंजीयन हो चुका है। इनमें सर्वाधिक जगदलपुर वनमंडल अंतर्गत 1 हजार 999 हितग्राहियों के 4 हजार 730 एकड़ भूमि में पंजीयन किया गया है। इसी तरह वनमंडलवार बलरामपुर में 2 हजार 358 हितग्राहियों के 2 हजार 119 एकड़, दंतेवाड़ा में 623 हितग्राहियों के 1 हजार 543 एकड़, सुकमा में 795 हितग्राहियों के 1 हजार 336 एकड़ तथा कोरिया में 746 हितग्राहियों के 1 हजार 189 एकड़ रकबा का पंजीयन हो चुका है। सरगुजा में 1 हजार 46 हितग्राहियों के 1 हजार 142 एकड़, दुर्ग में 316 हितग्राहियों के 1 हजार 98 एकड़, कोरबा में 983 हितग्राहियों के 1 हजार 72 एकड़, मनेन्द्रगढ़ में 729 हितग्राहियों के 1 हजार 57 एकड़ पूर्व भानुप्रतापपुर में 1 हजार 26 हितग्राहियों के 1 हजार 38 एकड़, बीजापुर में 514 हितग्र्राहियों के 1 हजार 34 एकड़, सूरजपुर में 825 हितग्राहियों के 1 हजार 24 एकड़ तथा धर्मजयगढ़ में 461 हितग्राहियों के 963 एकड़ में पंजीयन किया गया है। दक्षिण कोण्डागांव में 754 हितग्राहियों के 956 एकड़, जशपुर में 657 हितग्राहियों के 861 एकड़, नारायणपुर में 314 हितग्राहियों के 765 एकड़, केशकाल में 618 हितग्राहियों के 726 एकड़, धमतरी में 518 हितग्राहियों के 705 एकड़, मरवाही में 475 हितग्राहियों के 694 एकड़ तथा महासमुंद में 456 हितग्राहियों के 643 एकड़ में पंजीयन हो चुका है।

इसी तरह पश्चिम भानुप्रतापपुर में 506 हितग्राहियों के 573 एकड़, कटघोरा में 473 हितग्राहियों के 572 एकड़, राजनांदगांव में 325 हितग्राहियों के 541 एकड़, कांकेर में 300 हितग्राहियों के 514 एकड़ तथा रायगढ़ में 358 हितग्राहियों के 478 एकड़ में पंजीयन किया गया है। बिलासपुर में 239 हितग्राहियों के 460 एकड़, गरियाबंद में 301 हितग्राहियों के 424 एकड़, बलौदाबाजार में 134 हितग्राहियों के 367 एकड़, मुगेंली में 194 हितग्राहियों के 356 एकड़, बालोद में 213 हितग्राहियों के 342 एकड़, खैरागढ़ में 78 हितग्राहियों के 247 एकड़, तथा कर्वधा में 118 हितग्राहियों के 213 एकड़ में पंजीयन हुआ है। इसके अलावा जगदलपुर अनुसंधान एवं विस्तार अंतर्गत 84 हितग्राहियों के 177 एकड़, जांजगीर-चांपा में 76 हितग्राहियों के 109 एकड़, बिलासपुर अनुसंधान एवं विस्तार अंतर्गत 30 हितग्राहियों के 56 एकड़, रायपुर में 10 हितग्राहियों के 16 एकड़ तथा अनुसंधान एवं विस्तार रायपुर अंतर्गत एक हितग्राहियों के 2 एकड़ रकबा में पंजीयन हो चुका है।

**राज्य में इस वर्ष 12 प्रजाति के वृक्षों का 30 हजार एकड़ रकबे में होगा रोपण-** इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख संजय शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजनांतर्गत राज्य में इस वर्ष 12 प्रकार के प्रजाति के वृक्ष का 30 हजार एकड़ रकबे में रोपण किया जाएगा। इनमें से क्लोनल यूकलिप्टस का 17 हजार 182 एकड़ में, रूटशूट टीक का 6 हजार 456 एकड़ में, टिश्यू कल्चर का 2 हजार 617 एकड़ में, चंदन का 1 हजार 462 एकड़ में, मेलिया दुबिया का 8 सौ 34 एकड़ में, सामान्य बांस का 7 सौ 37 एकड़ में, टिश्यू कल्चर बम्बू का 6 सौ 7 एकड़ में, रक्त चंदन का 1 सौ 26 एकड़ में, आमला का 43 एकड़ में, खमार का 40 एकड़ में, शीशम का 20 एकड़ में तथा महानीम का 20 एकड़ रकबे में लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480